Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to expedite the construction of bye-pass ring road from Sonu Ghat to Baitalpur in Deoria Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया): माननीय अध्यक्ष जी**,** मेरे संसदीय क्षेत्र के मुख्यालय देवरिया शहर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 727 गुजरती है। यह सड़क उत्तर प्रदेश और बिहार को जोड़ती है। इस सड़क की हालत भारी वाहनों के आने-जाने से बहुत जर्जर हो गई है। यहां भारी वाहनों के गुजरने से लंबा जाम भी लग जाता है और आए दिन सड़क दुर्घटनाएं भी होती हैं। इससे व्यापार में भी काफी क्षति होती है और व्यापार काफी प्रभावित होता है **।** इस परेशानी को देखते हुए दिनांक 25.01.2018 को सड़क परिवहन मंत्री माननीय नितिन गडकरी जी एवं तत्कालीन सांसद और उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जी की मौजूदगी में सोनू घाट से बैतालपुर, देवरिया बाईपास रोड रिंग रोड का शिलान्यास किया गया था। परन्तु, बड़े खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि अब तक उस पर कोई कार्य नहीं किया गया, जिसके कारण वहां की स्थानीय जनता में क्षोभ है। लोग इसको मुद्दा बनाकर हम सबसे शिकायत करते हैं। इस संबंध में हमने कई बार संबंधित अधिकारियों से बात की, परन्तु, हमें वहां से कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। अत: मैं सदन में आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन मंत्री जी से मांग करता हूं कि इस समस्या को संज्ञान में लेते हुए, जो भी प्रशासनिक और वित्तीय परेशानी आ रही है, उसे अविलम्ब दूर करके, जनहित में सोनू घाट से बैतालपुर, देवरिया बाईपास रिंग रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की कृपा करें।

माननीय अध्यक्ष :

डॉ. सुजय विखे पाटील को श्री रमापति राम त्रिपाठी सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।